भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2556

20 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र का विनिवेश/निजीकरण किया जाना

2556. श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि विशाखपट्टनम इस्पात संयंत्र के विनिवेश/निजीकरण के सरकार के प्रस्ताव के संबंध में सभी तबके के लोगों द्वारा विरोध किया गया/किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने स्थिति की समीक्षा करने के बाद निजीकरण के निर्णय के साथ आगे नहीं बढ़ने का कोई निर्णय लिया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क) से (घ): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के विनिवेश के निर्णय के संबंध में मंत्रालय में कई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। आरआईएनएल के विनिवेश से संबंधित निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया जा रहा है। भारत सरकार की इक्विटी के रणनीतिक विनिवेश से इष्टतम उपयोग हेतु पूंजी का समावेश होगा, क्षमता का विस्तार होगा, प्रौद्योगिकी का संचार होगा और प्रबंधन प्रक्रियाएं बेहतर होंगी जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा।

****